## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**12 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से खराब हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत के दिए निर्देश। कहा– केवल पैचवर्क तक सीमित न रहे गड्ढा मुक्ति का काम।
- उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सेवा संकल्प अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों का जाना हाल। कहा– पच्चीस सितम्बर से दो अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे स्वास्थ्य शिविर।
- भारत ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में अस्सी लाख टीकों का आंकड़ा किया पार। बाइस लाख टीकाकरण के साथ उत्तर प्रदेश सबसे आगे।
- बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के पच्चीस जिले बाढ़ की चपेट में। प्रभावित इलाकों में निगरानी, बचाव और राहत कार्य तेज।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और बाढ़ से खराब हुयी सड़कों की तत्काल मरम्मत कर के उन्हें आवागमन के योग्य बनाने के निर्देश दिये हैं। कल लखनऊ में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी पर्वों और त्योहारों में बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होगा, ऐसे में प्रमुख मार्गों पर आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। एक रिपोर्ट–

***समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में त्योहारों से पहले सड़कों की मरम्मत और जहां आवश्यक हो वहां नवीनीकरण के कार्य हर हाल में पूर्ण किये जाएं। उन्होंने कहा कि गड़ढा मुक्ति का काम केवल पैचवर्क तक सीमित न रहे। बैठक में मुख्यमंत्र को बताया गया कि प्रदेश में छः सौ इक्यासी महत्वपूर्ण मार्ग चिन्हित किये गये हैं। क्षतिग्रस्त मार्गों का सर्वे कराया जा रहा है और सर्वे के बाद मरम्मत और नवीनीकरण के लिये विभागवार लक्ष्य को अन्तिम रूप दिया जायेगा। समाचार कक्ष से रीतेश।***

समीक्षा बैठक में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में नेशनल बुक ट्रस्ट की ओर से आयोजित होने वाले गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। कल लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक ने बताया कि यह मेला लखनऊ विश्वविद्यालय में बीस सितंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पुस्तक मेले में दो सौ पचास से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां एक सौ बीस से अधिक प्रकाशक अपनी किताबों को प्रदर्शित करेंगे।

***250 से ज्यादा यहां बुक स्टॉल्स लगे हुए हैं। वंदे मातरम का 150 वर्ष को लेकर एक यहां स्पेशल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इन सब के अलावा आप देखेंगे तो हर रोज बच्चों के कंपटीशन है। हर रोज कल्चरल एक्टिविटीज हैं। बहुत सारे राइटर स्कॉलर्स मोटिवेशनल स्पीकर से मिलने का रूबरू होने का अलग मौका है। तो अपने आप में एक यह कंप्लीट पैकेज है जिसमें आप इस तरह आकर लाभ उठा सकते हैं।***

**********

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में सेवा, स्वास्थ्य और जनकल्याण को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। इसके तहत सत्रह सितंबर को स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। वहीं पच्चीस सितंबर से दो अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

***जो सेवा संकल्प अभियान है, इसको हम सब धरातल पर उतारेंगे। केंद्र और प्रदेश की स्वास्थ्य विभाग की जो उपलब्धियां हैं, उनको हम जन–जन तक पहुंचाएंगे और इसके अलावा सबसे बड़ा एक मुहिम हम चलाएंगे कि प्रदेश में हेल्थ कैंप्स के माध्यम से यदि कोई भी व्यक्ति उपचार लेना चाहता है तो वह आए। वहां पर सभी प्रकार की जांचें होंगी। सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। यदि किसी को अन्य टर्शरी केयर की आवश्यकता है या कोई बड़ा ऑपरेशन है तो हमारे हेल्थ कैंप में जांच करा करके वह बड़े अस्पताल में उनको रिफर करके हम चिकित्सा सुविधा सभी प्रकार की उपलब्ध कराएंगे।***

**********

प्रदेश भर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य आम लोगों के लंबित मामलों का निस्तारण करना है। लोक अदालत में सुलह–समझौते के माध्यम से मामलों का समाधान किया जाएगा। इसके तहत मोटरवाहन, पारिवारिक, राजस्व

समेत विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से शामिल होने की अपील की गयी है।

**********

भारत ने ह्यूमन पैपिलोमा वायरस– एचपीवी टीकाकरण के अस्सी लाख टीकों का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार उत्तर प्रदेश सहित गुजरात, मध्य प्रदेश और मिजोरम ने अपने निर्धारित लक्ष्यों का शत प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक बाइस लाख किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी–दो हजार छब्बीस में किया था। अभियान के तहत, 14 वर्ष की उम्र की लड़कियों को माता–पिता की सहमति से सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में स्वैच्छिक और निःशुल्क एकल–खुराक एचपीवी टीकाकरण प्रदान किया जाता है। यह एचपीवी संक्रमण और एचपीवी से जुड़े कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**********

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कल फास्टैग पोर्टेबिलिटी के लिए वन टैग सुविधा का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत वाहन मालिक अपने मौजूदा फास्टैग को राजमार्ग यात्रा ऐप द्वारा नए बैंक खाते से जोड़ सकते हैं। इस अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय को दस सेकंड से कम करना है।

**********

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में कल वाराणसी में ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग यानी पहले चरण की जांच को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे। इस कार्यशाला में पूर्वी उत्तर प्रदेश के इक्कीस जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और सुपरवाइजर शामिल हुए। कार्यशाला में अधिकारियों को ईवीएम की जांच से लेकर मॉक पोल की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग आगामी चुनाव की तैयारियों का पहला महत्वपूर्ण चरण है।

***यहां से जाने के बाद यह अधिकारी फर्स्ट लेवल चेकिंग कराएंगे फर्स्ट लेवल चेकिंग का अर्थ है कि जो मशीनें हैं इनको हम इलेक्शन में इनका प्रयोग करने से पहले एक–एक मशीन को एक–एक यूनिट को चाहे वह कंट्रोल यूनिट हो, बैलेट यूनिट हो, वीवीपैट उसको चेक करके सुनिश्चित करते हैं कि वह वर्किंग कंडीशन में है, किसी प्रकार की कोई उसमें कमी नहीं है और इसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिला निर्वाचन अधिकारी लिखित में सूचना देकर आमंत्रित करते हैं ताकि वह स्वयं उपस्थित रह सकें।***

**********

प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने कारण राज्य के पच्चीस ज़िले बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी, बचाव और राहत कार्य तेजी से जारी है। एक रिपोर्ट–

***राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक, अकेले गुरुवार को लगभग 8,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया, जबकि अब तक लगभग 21 हजार लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय भी मुहैया कराया जा रहा है, और लगभग 3 हजार लोगों ने फिलहाल राहत शिविरों में शरण ली हैं। बाढ़ के दौरान बीमारियों के फैलने के खतरे को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से सक्रिय है। प्रभावित इलाकों में लगभग 11 सौ डॉक्टरों की टीमें तैनात की गई हैं। उधर राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। सुशील चन्द्र तवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

भारत ने पुरुष हॉकी जूनियर एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है। चीन में कल खेले गये पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने मलेशिया को तीन–एक से हराया। कप्तान अनमोल एक्का ने दो और सुखविंदर ने एक गोल किया। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना दक्षिण कोरिया से होगा। जूनियर महिला हॉकी टीम आज सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया से खेलेगी।

**********